Link - (9) 3.4.3.(3.4.4) (9)

# EXTENSION ACTIVITIES IN NSS UNIT

## GOVT. DATESHWARI PG MAHILA MAHAVIDYALAY, JAGDALPUR

## 2016-2017

### 1. सात दिवसीय विशेष शिविर (बाबूसेमरा – 14.12.2016 से 20.12.2016)

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शा0 दंतेश्वरी महिला महा0 जगदलपुर द्वारा ग्राम – बाबूसेमरा में दिनांक 14.12.2016 से 20.12.2016 तक स्वच्छता के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जिसमें कुल 70 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। शिविर उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 डी.एल. पटेल, एस.पी तिवारी, वि.वि. के प्राध्यापक जिला संगठन डॉ0 सजीवन कुमार, सरपंच– धर्नुर जै बघेल व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शिल्पा गौड़ उपस्थित थी। शिविर में नियमित गतिविधियों के साथ ही स्वच्छ भारत कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जागरूकता अभियान रैली और शौचालय निर्माण का सर्वेक्षण किया गया । प्रमुख वक्ताओं में लाइवलीवुड कॉलेज के प्राचार्य श्री शरदचन्द्र गौड़ ने कौशल विकास पर , बस्तर रिवाईवल सोसायटी जगदलपुर बस्तर के अध्यक्ष श्री सी.एम. साहू के कुपोषण व मानसिक स्वास्थ्य योगाभ्यास पर योगाचार्य डॉ0 मनोज पाणीग्राही ने व्याख्यान दिया ।





स्वच्छ भारत कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जागरूकता अभियान रैली और शौचालय निर्माण का सर्वेक्षण कार्य



प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत NSS की छात्राओं द्वारा ग्रामीण महिलाओं को जानकारी देते हुए



उज्जवला योजना के तहत NSS की छात्राओं द्वारा सर्वे तथा जानकारी देते हुए ग्रामीण महिलाओं को ग्राम (बाबूसेमरा)

1. शिविर की छात्राएं

2. प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जागरूकता अभियान

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR


Scanned by CamScanner

## 2.व्याख्यान

शास0 दंतेश्वरी महिला महावि0 जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सत्र 2016–17 में विभिन्न स्वयं सेवकों /छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, सर्वागिण विकास तथा व्यक्तिक सामा0 इश्यू के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न व्याख्यान का आयोजन कराया गया । दिनांक 04.09.2016 को व्यक्तिगत सफाई विषय पर डॉ0 वीभा सोनी ने व्याख्यान दिया , जिसमें 30 छात्राओं ने भाग लिया तथा साथ ही महाविद्यालय परिसर की सफाई , कक्षा व्यवस्था और मेंहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 18.09.2016 को रोजगार कार्यालय रायपुर से आये अतिथियों द्वारा महिला उद्यमिता पर व्याख्यान दिया गया जिसमें महा0 के समस्त स्टॉक व 63 छात्राएं उपस्थित थी । दिनांक 02.10.2016 को महिला स्वसहायता समूह MM फाइटर्स द्वारा व्याख्यान हुआ जिसके अध्यक्ष डॉ0 संगीता साहू एवं समस्त सदस्य उपस्थित थे। डॉ0 जान अब्राहम दिनांक 27.11.2016 को कैंसर के प्रति जागरूकता पर परिचर्चा दिया गया । दिनांक 20.11. 2016 को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर एक दिवसीय सेमिनार हुआ जिसके मुख्यवक्ता डॉ0 गार्गी यदुपाल ने एनीमिया, कुपोषण , मधुमेह , व गर्भवती महिलाओं की देख भाल पर और डॉ0 विभा सोनी ने व्यक्तिगत सफाई (Personal Mygiein) पर व्याख्यान दिया ।



महिला स्वसहायता समूह MM फाइटर्स द्वारा व्याख्यान




व्यक्तित्व विकास, पर व्याख्यान

**PRINCIPAL**
**Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya**
**JAGDALPUR**

Scanned by CamScanner

कैंसर के प्रति जागरूकता पर परिचर्चा (जान अब्राहम) के द्वारा भाषण दी गई




- कैंसर क्या है? उससे कैसे निदान पाया जा सकता है।
- क्या करना है क्या नहीं करना है इस पर परिचर्चा की गई।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर संगोष्ठी




डॉ. गार्गी यदुपाल द्वारा एनीमिया, कुपोषण, गर्भवती महिला की देखभाल Diabetes पर भाषण दिया गया।

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय
जगदलपुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

# EXTENSION ACTIVITIES IN NSS UNIT

## GOVT. DATESHWARI PG MAHILA MAHAVIDYALAY, JAGDALPUR

## 2017-2018

### 1. बस्तर लोकोत्सव – नृत्य प्रस्तुतीकरण

जिला प्रशासन बस्तर द्वारा आयोजित बस्तर लोकोत्सव का आयोजन में दिनांक 30.09.2017 की रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसके लिए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया ।

### 2. सतर्कता जागरूकता सप्ताह

केन्द्रिय सतर्कता आयोग द्वारा मनाए जाने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत दिनॉक 24.10.2017 को NMDC के विजिलेंस विभाग के अधिकारी श्री एस. आर. आई श्रीनिवास द्वारा रोजगार एवं भ्रष्टाचार पर व्याख्यान दिया गया तथा भ्रष्टाचार और रोजगार विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 छात्राओं ने भाग लिया।





1. बस्तर लोकोत्सव – नृत्य समूह 2. सतर्कता जागरूकता सप्ताह निबंध प्रतियोगिता

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

Scanned by CamScanner

### 3. ब्रेस्ट कैंसर पर व्याख्यान

महाविद्यालय के रासेयो इकाई के स्वयंसेवको को ब्रेस्टकैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 28.10.2017 को रासेयो इकाई ने सुषमा विंग्स ऑफ कैंसर सपोर्ट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ जे.बी. जार्ज द्वारा व्याख्यान करवाया गया । जिसमें 30 छात्राओं ने भाग लिया ।

### 4. स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत फील्ड सर्वे –

महाविद्यालय के रासेयों इकाई के लगभग 20 छात्राओं द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दिनांक 09.12.2017 से 16.12.2017 तक जगदलपुर के सरगीपाल, गांधीनगर वार्ड पथरागुड़ा में परिकर स्तर पर फील्ड सर्वे किया गया जिसमें पारिवारिक जानकारी के साथ ही स्वास्थ्यगत, एवं स्वच्छता हेतु जागरूकता पर जानकारी ली गई ।



4. स्वच्छ भारत मिशन – वृक्षारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

Scanned by CamScanner

## 5. छोटा भीम कैप्टन क्लीन प्रतियोगिता 2017 –18

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, बस्तर छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 23.12.2017 को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित कैप्टन क्लीन छोटा भीम प्रतियोगिता का आयोजन शा0 महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में किया गया । जिसमें महा0 की 10 छात्राओं ने भाग लिया तथा निकिता राजू/ कीर्तिगोरला का नारा लेखन में व कु0 हेमबत्ती नाग, का लघु कथा में चयन हुआ उन्हें नगर प्रशासन द्वारा प्रमाण –पत्र प्रदान किया गया ।

## 6. अंतरमहाविद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता

छ0ग0 राज्य युवा आयोग द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2017 में महा0 के रासेयो के 20 छात्राओं ने दिनांक 22.11.2017 को श्यामाप्रसाद मुखर्जी समागार में गायन (एकल/समूह) नृत्य एवं एकल नृत्य की प्रस्तुति दिया जिसमें समूह नृत्य को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयीन सदस्यों के साथ ही विधायक श्री संतोष बाफना एवं युवा आयोग के अध्यक्ष श्री ~~प्रवीरचन्द्र~~ कमलचन्द्र भंजदेव उपस्थित थे।



6. अंतरमहाविद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता (22.11.2017) नृत्य समूह

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

Scanned by CamScanner

## 7. राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण दिवस

शा0 दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय कि रासेयो इकाई द्वारा दिनांक 27.01.2018 को राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (cmo) कार्यालय जगदलपुर से जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ0 जी.सी. शर्मा ने तम्बाकू नियन्त्रण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं में नशापान / धुम्रपान उससे होने वाले दुषप्रभाव ,और उसे त्यागने के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला।



5. कैप्टन क्लीन छोटा भीम प्रतियोगिता



7. राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण दिवस

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय
जगदलपुर (छ०ग०)

Scanned by CamScanner

## EXTENSION ACTIVITIES IN NSS UNIT

### GOVT. DATESHWARI PG MAHILA MAHAVIDYALAY, JAGDALPUR

### 2018-2019

**1- मतदाता जागरूकता अभियान**

रासेयो इकाई शास. दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर के **40** छात्राओं ने दिनाँक **24.10.2018** को जिला पंचायत कार्यालय जगदलपुर में उपस्थित होकर कार्यलय अधिकारी श्री प्रभात मलिक से मतदाता जागरूकता हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा दिनाँक **26.10.2018** से लेकर **31.10.2018** तक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक रहने की समझाइश दी जगदलपुर के माता संतोषी वार्ड, मदर टेरेसा वार्ड, शान्ति नगर वार्ड में डोर टू डोर जाकर संपर्क अभियान चलाया।

**2- जनसंपर्क अभियान**

रासेयो इकाई शास. दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर के **23** छात्राओं ने दिनाँक **5.02.2019** को जिला बस्तर विश्वविद्यालय में बच्चों के हितों के संरक्षण हेतु यूनीसेफ कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण प्राप्त किया तत्पश्चात दिनाँक **06.02.2019** से **08.02.2019** तक ग्राम बटपदमुर , नेंगीगुड़ा, कालीपुर, कंगोली, चिडेपदर व परचंपाल में जाकर आंगनवाड़ी केंद्रों, पाठशालाओं, पंचायत के माध्यम से जनसंपर्क किया तथा लोगों को बच्चों के हितों के संरक्षण के संबंध में जागरूक किया ।




PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

Scanned by CamScanner

## 1- जनसंपर्क अभियान

### 3- सात दिवसीय विशेष शिविर


रासेयो इकाई शास. दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर के **50** छात्राओं ने ग्राम आड़ावाल में दिनाँक **10.1.2019** से **16.01.2019** तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न एक्सटेंशन एक्टिविटी का क्रियान्वयन किया जिसमें स्वच्छता अभियान , बौद्धिक परिचर्चा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास आदि सम्मिलित है।



3- सात दिवसीय विशेष शिविर

### 4- अन्य कार्यक्रम कार्यशाला एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं

रासेयो इकाई शास. दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर के लगभग **88** छात्राओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण एवं स्वास्थ्य विषय कार्यशाला में भाग लिया तथा रंगोली, निबंध, भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया ।




PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

Scanned by CamScanner

**4- अन्य कार्यक्रम कार्यशाला एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं**

रासेयो इकाई शास. दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर के लगभग **88** छात्राओं ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण एवं स्वास्थ्य विषय कार्यशाला में भाग लिया तथा रंगोली, निबंध, भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया ।




4- पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला : पोषण माह



**Training of Election Process through EVM, VVPAT**

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय
जगदलपुर (छ०ग०)

Scanned by CamScanner

# EXTENSION ACTIVITIES IN NSS UNIT

## GOVT. DATESHWARI PG MAHILA MAHAVIDYALAY, JAGDALPUR

## 2019-2020

1. अन्तर्राज्यीय आदिवासी युवा समागम (02.03.2020 –08.03.2020) गुवाहाटी, असम

अंतर्राज्यीय जनजातीय युवा समागम कार्यक्रम (2020) का आयोजन दिनॉक 02.03.2020 से 08.03.2020 तक असम के गुवाहाटी शहर में स्थित डॉन बोस्को इंस्टीट्यूट, खारगुली में किया गया । जिसमें शास0 दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर की दो छात्राओं कु, ब्लोसी (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) और कु अमृता धुव (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने भाग लिया जो कार्यकम अधिकारी डॉ. श्यामाचरण के नेतृत्व में विभिन्न एक्सटेंशन एक्टिविटी में सहभागिता किये।




अंतर्राज्यीय जनजातीय युवा समागम कार्यक्रम में उपस्थित छत्तीसगढ़ का दल

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

Scanned by CamScanner



एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में जोडीदार राज्य गुजरात की छात्राएं

2. **एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम – आनंद मेला (28.01.2020) सहभागी छात्राएं : 64**



एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में जोड़ीदार राज्य गुजरात के परम्परागत पकवान वितरीत करती छात्राएं

3. **कैरियर गायेंडस** /मार्गदर्शन , जिला रोजगार व स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला – बस्तर एवं युवा संस्था (16.10.2019 )

**PRINCIPAL**
**Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya**
**JAGDALPUR**

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय
जगदलपुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

4. **विधिक साक्षरता कार्यक्रम** – लोक अदालत के न्यायधीश श्रीमान शैलेष कुमार /वकील कर्मचारीगण (21.11.2019 )

5. **भारतीय संविधान दिवस** – जिला अधिवक्ता संघ के सहसचिव श्रीमान विपुल श्रीवास्तव, पैनल अधिवक्ता श्रीमती सीता देवांगन पैरालीगल कोलेटियर्स (24.09.2019).

## गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस



जगदलपुर. कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं, प्राध्यापक और अतिथि

• नवभारत रिपोर्टर । जगदलपुर
www.navbharat.org

दंतेश्वरी गर्ल्स कालेज में रासेयो इकाई और यूजीसी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस समारोह मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता संघ के सहसचिव विपुल श्रीवास्तव, विशिष्ट

**कार्यक्रम**

**• रासेयो और यूजीसी प्रकोष्ठ का संयुक्त आयोजन**

अतिथि पैनल अधिवक्ता श्रीमती सीता देवांगन की मौजूदगी रही. शुरूआत सरस्वती माता और बाबा भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई.

इसके बाद राष्ट्रगान हुआ. मंच संचालन रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डा श्यामाचरण ने किया. उन्होंने संविधान के उद्देशिका की शपथ ली. छात्रा प्रेमांजलि और राजमणि ने स्वागत गीत गाया. कीर्ति गौरला और शिव्यानी जैन ने संविधान पर भाषण दिया. डा अनामिका झा ने संविधान की प्रस्तावना का अर्थ समझाया. श्रीमती मनीषा नायडू ने मूल कर्तव्य और महत्व का विस्तार से वर्णन किया. डा बृजेश गौतम ने संविधान निर्माण में ऐतिहासिक योगदान देने पर डा भीमराव आंबेडकर को याद करते नमन किया. श्रीमती सीता देवांगन ने संविधान में महिलाओं के लिए प्रदत्त अधिकारों और प्रावधानों का उल्लेख किया. विपुल श्रीवास्तव ने छात्राओं को उनके जीवन में संविधान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया. कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या श्रीमती बबीता दीवान ने उपस्थित अतिथियों और छात्राओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया. उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है. प्रो रश्मि शुक्ला, डा योगेंद्र मोतीवाला, भुवनेश्वर कुमार सहित प्राध्यापकगण और कर्मचारियों की उपस्थिति रही.

## गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को मिला करियर गाइडेंस



कार्यक्रम में मौजूद कालेज की स्टूडेंट्स, प्रोफेसर और कर्मचारी

**आयोजन**

**• करियर निर्माण के लिए आवश्यक गुणों के विकास पर दिया बल**

09:18

epaper.navabharat.news/vie

## धैर्य के साथ नियोजित दिशा में करें परिश्रम : तिवारी

• नवभारत रिपोर्टर । जगदलपुर
www.navbharat.org

दंतेश्वरी गर्ल्स कालेज में रासेयो की इकाई के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के न्यायाधीश शैलेष कुमार तिवारी थे. इनके अलावा पैनल अधिवक्ता श्रीमती सीता देवांगन और पैरालीगल वालेंटियर राधिका बेल और उमेश्वरी यादव भी मंच पर थे.

कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत अतिथियों ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम का संचालन कर रहे रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्यामाचरण ने सरस्वती माँ की स्तुति में श्लोक वाचन किया. प्रभारी प्राचार्या श्रीमती बबीता दीवान ने न्यायाधीश का स्वागत किया. श्रीमती सीता देवांगन ने छात्राओं को बताया कि भारत का सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ संविधान है, जिसके द्वारा हमें जीवन के तमाम

**कार्यक्रम**

**• दंतेश्वरी गर्ल्स कालेज में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन**

अधिकार प्राप्त हैं. न्यायाधीश श्री तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उचित करियर बनाने के लिए धैर्य के साथ नियोजित और निर्धारित दिशा में कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता होती है. उनके अनुसार जिस प्रकार चुम्बक के गुणों में लोहे के प्रत्येक कण को एक दिशा में नियोजित करने का गुण होता है, वैसे ही जब हमारे शरीर का प्रत्येक हिस्सा उस चाही गई कामना को पाने में लग जाएगा तब हम अपने उद्देश्य को अवश्य प्राप्त कर लेंगे. कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रो रश्मि शुक्ला, डॉ अनामिका झा, डॉ योगेंद्र मोतीवाला, भुवनेश्वर कुमार सहित प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।





Scanned by CamScanner

## EXTENSION ACTIVITIES IN NSS UNIT

## GOVT. DATESHWARI PG MAHILA MAHAVIDYALAY, JAGDALPUR

## 2020-2021

**I) COVID-19 AWARENESS RALLY ON YOUTH DAY** (12.01.2021)

participation of 5 Students






राष्ट्रीय युवा दिवस पर रैली में उपस्थित छात्राएं

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

Scanned by CamScanner

## II) INNOUGARATION OF LALA JAGDALPURI DISTRICT LIABRARY (25.01.2021) participation of 26 students



माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ सेल्फी लेती छात्राएं

## III) SEVEN DAYS SPECIAL MEGA CAMP -2021

राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त मेगा शिविर का आयोजन कलेक्टर महोदय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला सलाहकार समिति की अनुमति से भारत सरकार के कोविड–19 संबंधि निर्देशों का पालन करते हुए किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की पांच इकाईयों– शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेलवे कॉलोनी, **शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर**, शासकीय काकतीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर, एवं बस्तर विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं की पूर्ण सहभागीता रही। कार्यक्रम मे समस्त गतिविधियो का कियान्वयन शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर, के लगभग 50 छात्राओं द्वारा 13 मार्च से 19 मार्च 2021 तक प्रातः 8:00 बजे से 5:00 बजे तक किया जाता था। इस शिविर का थीम संपूर्ण स्वच्छता निर्धारित था । छात्राये प्रतिदिन जगदलपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाते थे दिनांक– 13 मार्च को शांति नगर वार्ड,दन्तेश्वरी महिला महा0 प्रांगण ,14 मार्च को दन्तेश्वरी कॉलेज होते हुए चांदनी चौक ,नया पारा, 15 व 16 मार्च को दलपत सागर, दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार, गैरेज लाईन में, 17 मार्च को चौपाटी, शहीद पार्क, कलेक्टोरेट परिसर तथा 18 मार्च अटल आवास कालीपुर, की सफाई की गई। साथ ही प्रतिदिन 10 दल दलनायकों के प्रतिनिधित्व मे छात्राओं ने भारत सरकार के नगरीय स्वच्छता रैंकिंग के अनुसार पर व्यवसायियों, दुकानदारों पर स्वच्छता सर्वेक्षण किया और उनसे स्वच्छता हेतु संकल्प पत्र भराया गया। स्वच्छता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के इस शिविर को दलपत सागर बचाओ अभियान के श्री अनिल लुकंड व उनका दल, पब्लिक वॉईस के सदस्य विभिन्न वार्ड के पार्षदो का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त मेगा शिविर समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0एस0के0 सिंह माननीय कुलपति,बस्तर विश्वविद्यालय,जगदलपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम,समन्वयक डॉ0 डी0एल0 पटेल ने किया क्योकि कार्यक्रम मे अध्यक्षता हेतु आमंत्रित श्री रजत बसंल आई0ए0एस कलेक्टर जिला–बस्तर व्यस्तता के कारण उपस्थित नही हो पाए। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री प्रेम कुमार पटेल आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर,डॉ0डी0के0पाठक, कुलसचिव बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, डॉ0 विजयलक्ष्मी मूर्ति, प्राचाय काकतीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर, डॉ0 बबीता दीवान,प्रभारी प्राचार्य,दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर, श्री श्रीलाल वर्मा, प्राचार्य शा0 उच्च0 माध्य0 वि0, रेलवे कॉलोनी जगदलपुर और श्री रमेश उपाध्याय प्रभारी प्राचार्य,शा0उच्च0माध्य0विद्यालय, आसना उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ0 श्यामाचरण, कार्यक्रम अधिकारी शा0दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर ने किया ।

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidhyalaya
JAGDALPUR

Scanned by CamScanner



राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त मेगा शिविर समापन कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं



स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं



शिविर में कलेक्टर व एसपी के सम्बोधन सुनती छात्राएं



# एनएसएस संदेश दे रहा स्वच्छ भारत अभियान का

जगदलपुर. बस्तर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइ ने नगर के चौक-चौराहों पर साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छ भारत मिशन का संदेश दिया.

कार्यक्रम समन्वय डॉ. पटेल ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण पर भूमिका, रासेयो द्वारा व्यक्तित्व विकास, योगा का महत्व, समय प्रबंधन आदि पर व्याख्यान और दिनभर की क्रियाकलापों का विवरण प्रस्तुत किया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्यामा चरण, कुबेर चंद्र देहुरी और जमुना ठाकुर के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता रैली दंतेश्वरी कॉलेज से कलेक्टोरेट परिसर, चाँदनी चौक , कचहरी चौक होते हुए दंतेश्वरी कॉलेज तक किया . छात्राओं ने लक्ष्य गीत और सद्भावना गीत प्रस्तुत किया . शिविर में रासेयो के 5 इकाइयों शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर, पीजी कॉलेज जगदलपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेल्वे कालोनी, जगदलपुर और यूटीडी बस्तर विश्वविद्यालय के 60 स्वयंसेवकों ने अभियान में योगदान दिया. भारत सरकार के नगरीय रैंकिंग के विशेष अवसर पर संकल्प पत्र भी भराया.दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी एल पटेल ने प्रेरक उद्घोषना की गयी.

PRINCIPAL
Govt. Danteshwari Mahila Mahavidbyalaya

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय

Scanned by CamScanner